पंत शीर्ष क्रम में खेलकर भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज अपने खेल का आनंद लेने के बजाय खुद पर दबाव बना रहा है।
- केविन पीटरसन

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान, पंत के शीर्ष क्रम में खेलने को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

नुवान तुषारा

श्रीलंका के तेज गेंदबाज नुवान तुषारा ने आईपीएल के मौजूदा सत्र में खेलने के लिए अपने क्रिकेट बोर्ड से ही टक्कर ले ली है। उन्होंने अदालत से खुद को एनओसी दिए जाने के मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने फिटनेस टेस्ट में नाकाम रहने के कारण तुषारा को अनापत्ति प्रमाण पत्र देने से इनकार कर दिया था। एसएलसी ने राष्ट्रीय टीम में चयन के लिए फिटनेस टेस्ट अनिवार्य कर दिया है। तुषारा ने कहा कि उनकी फिटनेस का स्तर कभी भी कम नहीं पाया गया और उन्हें पहले भी एसएलसी ने इसी तरह के फिटनेस स्तर पर खेलने की अनुमति दी थी।

क्या आप जानते हैं ?... सचिन तेंदुलकर ने टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं।

फीफा ने फाइनल की टिकट की कीमत 10,990 डॉलर तक बढ़ाई

नई दिल्ली, 2 अप्रैल। फीफा ने 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले वर्ल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट की 48 टीमों के तय हो जाने के बाद फाइनल के लिए टिकट की कीमत का ऐलान किया है। वहीं एक टिकट की अधिकतम कीमत बढ़ाकर 10,990 अमेरिकी डॉलर कर दी है। दिसंबर में टूर्नामेंट के ड्रॉ के बाद जब फीफा ने टिकट बेचे थे तब श्रेणी एक के टिकट की कीमत 8,680 डॉलर थी।वहीं न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड स्थित मेटलाइफ स्टेडियम में 19 जुलाई को होने वाले फाइनल मैच के लिए फीफा के श्रेणी दो के टिकटों की कीमत 7,380 डॉलर कर दी गई है, जो पहले 5,575 डॉलर थी। इसी तरह से श्रेणी तीन के टिकटों की कीमत 5,785 डॉलर कर दी गई है जो पहले की कीमत से 4,185 डॉलर अधिक है।

बुधवार रात तक ग्रुप चरण के 72 मैचों में से 17 मैचों के टिकट बिक्री के लिए उपलब्ध थे, जबकि नॉकआउट चरण के किसी भी मैच के टिकट बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं थे। फीफा फुटबॉल के इस सबसे बड़े टूर्नामेंट के लिए गतिशील मूल्य निर्धारण का उपयोग कर रहा है। यह टूर्नामेंट अमेरिका के 11 शहरों के अलावा मैक्सिको के तीन और कनाडा के दो शहरों में खेला जाएगा।

इस लीग में बिताया हर पल नापसंद किया : एंडरसन

नई दिल्ली, 2 अप्रैल। इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का ताजा बयान चर्चा का बड़ा विषय बन गया है और इसने सौ गेंदों वाले नए प्रारूप पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एंडरसन ने साफ तौर पर कहा है कि पिछले साल जब उन्होंने इस लीग में हिस्सा लिया था, तब उन्हें इसमें खेलना बिल्कुल पसंद नहीं आया था। टेस्ट क्रिकेट में सात सौ से ज्यादा विकेट लेने वाले एंडरसन को अब तक के सबसे महान तेज गेंदबाजों में गिना जाता है। ऐसे में उनका यह बयान उस टूर्नामेंट के लिए झटका माना जा रहा है, जिसे लोकप्रिय बनाने के लिए इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड लगातार कोशिश कर रहा है।

एंडरसन ने कहा कि उन्होंने इस लीग में बिताया हर पल नापसंद किया और अब वह इस समय का इस्तेमाल आराम करने या अपनी फिटनेस पर ध्यान देने में करना चाहते हैं। गौरतलब है कि उन्होंने यह भी कहा कि इस साल जब यह टूर्नामेंट चलेगा, तब वह कहीं छुट्टी पर रहना पसंद करेंगे।

धोनी जल्द करेंगे मैदान पर वापसी!

नई दिल्ली, 2 अप्रैल। आईपीएल 2026 के पहले दो हफ्ते तक एमएस धोनी के खेलने की संभावना नहीं थी। इस बात की पुष्टि खुद चेन्नई सुपर किंग्स यानी सीएसके ने की थी। हालांकि, अब फ्रेंचाइजी ने फैंस को अच्छी खबर दी है। दरअसल, आधिकारिक तौर पर अभी धोनी की वापसी की खबर नहीं है लेकिन जो वीडियो सीएसके ने शेयर किया है उसे देखकर लगता है कि एमएस धोनी समय से पहले भी वापसी कर सकते हैं। दरअसल, आईपीएल 2026 से ठीक पहले सीएसके ने बताया था कि काफ स्ट्रेन के कारण से पहले दो हफ्ते तक टूर्नामेंट से बाहर रहेंगे। हालांकि, अब जो वीडियो सामने आया है उसमें एमएस धोनी अपने किट बैग के साथ नेट्स में जाते हुए दिख रहे हैं। इससे फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि एमएस धोनी की मैदान पर वापसी उन्हें जल्द देखने को मिल सकती है। हालांकि, अगर आप गौर से वीडियो देखेंगे तो पाएंगे कि थोड़ी बहुत लचक उनके पैर में अभी भी है।

वीडियो में देखा जा सकता है कि वे एक शख्स को अपने साथ लेकर जा रहे हैं। जाहिर है कि वह सपोर्ट स्टाफ का हिस्सा होगा। कैमरामैनसे दूर रहने की सलाह भी धोनी उस शख्स को देते हैं जबकि कैप्शन में तमिल में सीएसके ने लिखा है कि लाखों में एक।

फिलहाल, चेन्नई सुपर किंग्स को पहले मैच में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से करारी शिकस्त मिली। लेकिन चेन्नई अब अपने होम ग्राउंड पर पहला मैच खेलने वाली है। हालांकि, स्टार स्पोर्ट्स के वीडियो में सा लग रहा है कि एमएस धोनी सिर्फ खुद को टेस्ट करने के लिए नेट्स में आए हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद का जीत का खाता खुला, केकेआर को 65 रनों से हराया

कोलकाता, 2अप्रैल। सनराइजर्स हैदराबाद ने गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को 65 रनों से हराकर आईपीएल 2026 में जीत का खाता खोला।

सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 226 रन बनाए, इसके जवाब में कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम 16 ओवर में सभी विकेट खोकर 161 रन ही बना सकी। कोलकाता की ओर से अंगकृष रघुवंशी ने सर्वाधिक 52 रन बनाए। हैदराबाद के लिए उनादकट ने तीन, मलिंगा और नितीश ने 2-2 विकेट लिए।

कोलकाता नाइट राइडर्स को फिन एलन ने दमदार शुरुआत दिलाई। लेकिन वह दूसरे ओवर में ही पवेलियन लौट गए। फिन ने 7 गेंद में 28 रन की तूफानी पारी खेली। अजिंक्य रहाणे 10 गेंद में 8 रन ही बना सके। कैमरन ग्रीन दो रन ही बना सके। वह रन आउट हुए। रघुवंशी 29 गेंद में 52 रन बनाए। अनुकूल खाता नहीं खोल सके।

रिंकू सिंह 25 गेंद में 35 रन बनाकर पवेलियन लौटे। सुनील नरेन 4 गेंद में 12 रन बनाकर आउट हुए। रमनदीप 9 गेंद में 10 रन ही बना सके। त्यागी ने 5 रन बनाए। वरुण खाता नहीं खोल सके। वैभव एक रन पर नाबाद रहे। सनराइजर्स के लिए जयदेव उनादकट ने तीन और इशान मलिंगा ने दो विकेट लिए। सनराइजर्स हैदराबाद ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ ईडन गार्डन्स में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 226 रन बनाए। हैदराबाद की ओर से हेनरिक क्लासेन ने सर्वाधिक 52 रन बनाए। पहले बैटिंग करने उतरी हैदराबाद की टीम को अच्छी शुरुआत मिली। ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा के बीच पहले विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी हुई। ट्रेविस हेड 21 गेंद में 46 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान ईशान किशन ने 9 गेंद में 14 रन बनाए। अभिषेक शर्मा 21 गेंद में 48 रन बनाकर पवेलियन लौटे। किशन-अभिषेक को ब्लेसिंग मुजरबानी ने आउट किया। अनिकेत वर्मा एक रन ही बना सके। नितीश रेड्डी 24 गेंद में 39 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने क्लासेन के साथ बड़ी साझेदारी की। सालिल खाता नहीं खोल सके। हेनरिक क्लासेन 35 गेंद में 52 रन बनाकर आउट हुए।

फीडे कैंडिड्स में बड़ा उलटफेर, युवा सिंदारोव ने दिग्गज कारुआना को हराकर खिताब की रेस को रोमांचक बनाया

नई दिल्ली, 2 अप्रैल। फीडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में एक बार फिर युवा प्रतिभा जावोखिर सिंदारोव ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। बता दें कि उन्होंने दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल फेबियानो कारुआना को हराकर टूर्नामेंट में अपनी तीसरी जीत दर्ज की है, जिससे खिताब की दौड़ में उनकी स्थिति काफी मजबूत हो गई है।

मौजूद जानकारी के अनुसार यह मुकाबला राउंड का सबसे बड़ा आकर्षण रहा, जहां काले मोहरों से खेलते हुए कारुआना ने शुरुआत में मजबूत रणनीति अपनाई, लेकिन सिंदारोव की तैयारी के सामने वह असहज नजर आए। गौरतलब है कि शुरुआती चालों में ही सिंदारोव ने बढ़त बना ली थी और समय के दबाव में कारुआना की स्थिति कमजोर होती चली गई।

खेल का निर्णायक मोड़ 17वीं चाल पर आया, जब कारुआना की एक चाल ने उनकी स्थिति और मुश्किल बना दी। इसके बाद सिंदारोव ने आक्रामक अंदाज में खेलते हुए बढ़त को जीत में बदल दिया। मैच के बाद उन्होंने कहा कि उनकी तैयारी ने उन्हें इस जीत तक पहुंचाया है और वह अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हैं।

अन्य मुकाबलों की बात करें तो अनीश गिरी ने आंद्रे एसिपेंको को हराकर शानदार जीत दर्ज की है। बता दें कि इस मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों ने आक्रामक रणनीति अपनाई, लेकिन एक गलती एसिपेंको पर भारी पड़ गई। मौजूद जानकारी के अनुसार गिरी ने मौके का फायदा उठाते हुए बढ़त बनाई और उसे अंत तक कायम रखा।

आठ साल में पहली बार जिम्बाब्वे का दौरा करेगी ऑस्ट्रेलियाई टीम, विश्वकप से पहले खेलेगी वनडे सीरीज

नई दिल्ली, 2 अप्रैल। ऑस्ट्रेलिया की टीम अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। टीम इसकी तैयारियों के लिए इस साल सितंबर में जिम्बाब्वे का दौरा करेगी। जिम्बाब्वे क्रिकेट इस साल सितंबर में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम की मेजबानी करेगी। इस दौरान तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज खेली जानी है। यह एक आठ साल में ऑस्ट्रेलिया का इस देश का पहला वनडे दौरा होगा। जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे सीरीज का पहला मैच 15 सितंबर को खेला जाएगा, जिसके बाद 18 सितंबर को दूसरे मैच का आयोजन होगा। सीरीज का अंतिम मैच 20 सितंबर को आयोजित होगा। सभी मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले जाएंगे।

विश्व कप की तैयारी के लिए अहम होगा दौरा : यह सीरीज आईसीसी पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप 2027 की तैयारी को लेकर जिम्बाब्वे के लिए एक अहम हिस्सा है, जिसकी सह-मेजबानी जिम्बाब्वे, दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के साथ मिलकर करेगा। जिम्बाब्वे क्रिकेट के मैनेजिंग डायरेक्टर गिवमोर माकोनी के मुताबिक, यह दौरा टीम के लिए एक अहम मोड़ पर आया है। उन्होंने कहा, हम ऑस्ट्रेलिया का जिम्बाब्वे में फिर से स्वागत करके बहुत खुश हैं। उम्मीद है कि यह एक बेहद कड़े मुकाबले वाली वनडे सीरीज होगी। इस स्तर के मैच एक टीम के तौर पर हमारे लिए बहुत जरूरी हैं।

रासी वान डेर डुसेन ने लिया संन्यास

जोहानिसबर्ग, 2 अप्रैल। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रासी वान डेर डुसेन ने इस साल केंद्रीय अनुबंध में जगह नहीं मिलने के बाद गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की, लेकिन कहा कि वह अपनी घरेलू टीम लायंस की तरफ से खेलते रहेंगे। जोहानिसबर्ग के 37 वर्षीय खिलाड़ी वान डेर डुसेन ने पिछले साल मार्च से दक्षिण अफ्रीका की तरफ से कोई मैच नहीं खेला था। उन्होंने 2018 में 29 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था तथा 18 टेस्ट, 71 वनडे और 57 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले।

भदौरिया एकेडमी तारिक क्रिकेट एकेडमी जीती, तवीश व अभिषेक का नाबाद अर्धशतक

जयपुर, 2 अप्रैल। चंबल स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित अंडर 16 स्टेट लेवल भारती कंवर मेमोरियल वनडे क्रिकेट लीग में दिन का पहला मुकाबला नेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर तारीक क्रिकेट अकादमी व रॉयल क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया। जिसमें रॉयल क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 32 ओवर में 119 रन पर ऑल आउट हो गई।

जिसमें धैर्य मानसिंह ने 51 रन व हर्ष जाखड़ ने 14 रनों का योगदान दिया। तारीक क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में रयान खान ने चार विकेट व विनय शर्मा ने तीन विकेट व मोहन सैनी ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी तारीक क्रिकेट अकादमी 9.5 ओवर में बिना विकेट खोए 123 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। जिसमें तवीश शर्मा ने नाबाद 74 रन व चेतन मीणा ने नाबाद 42 रनों की पारी खेली। तारीक क्रिकेट अकादमी ने 10 विकेट से मुकाबला जीता।

अन्य मैच नारायणा क्रिकेट ग्राउंड पर भदोरिया क्रिकेट अकादमी व जयपुरिया क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया। जिसमें भदोरिया क्रिकेट अकादमी पहले बल्लेबाजी करते हुए 32.2 औवर में 235 रनों पर ऑल आउट हो गई। जिसमें अनमोल शर्मा ने 78 रन व कुश सोलंकी ने 44 रन व आदित्य शर्मा ने 29 रनों की पारी खेली। जयपुरिया क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में अभयराज धनखड़ ने चार विकेट व लक्ष्यराज पारीक ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जयपुरिया क्रिकेट अकादमी 43.5 ओवर में 152 रनों पर ऑल आउट हो गई। जिसमें अभिषेक बालोत ने नाबाद 78 रनो की पारी खेली। भदोरिया क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में आरव चोपड़ा व योगेंद्र को दो-दो विकेट मिले। भदोरिया क्रिकेट अकादमी ने 83 रन से मुकाबला जीता।

यति क्रिकेट अकादमी जीती

जयपुर, 2 अप्रैल। अंडर-12 पिंकसिटी कप में देवेंद्र शेखावत क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 207 रन 9 विकेट के नुकसान पर बनाएं। भूमिका ने 70 और जयदीप यादव ने 38 रनों का योगदान दिया! यति क्रिकेट अकादमी की ओर से दक्ष शेखावत ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यति क्रिकेट अकादमी ने 37 ओवर में 210 रन 3 विकेट के नुकसान पर बना कर जीत हासिल कर ली। जय प्रताप ने 116 और यशवर्धन ने 39 रनों का योगदान दिया।मैन ऑफ़ द मैच जय प्रताप को चुना गया।

राजस्थान के गौरव , शिफॉन , रोहन, शोभाग बीसीसीआई अंडर-16 हाई परफॉरमेंस कैम्प में चयन

जयपुर, 2 अप्रैल। बीसीसीआई की राष्ट्रिय अंडर 16 क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले राजस्थान के युवा प्रतिभावान खिलाडी गौरव सैनी, शिफॉन खान , रोहन चौधरी , शोभाग सिंह भाटी को बीसीसीआई की आल इंडिया जूनियर चयन कमेटी ने बीसीसीआई द्वारा आयोजित होने वाले अंडर 16 हाई परफॉरमेंस प्रशिक्षण शिविर हेतु चयनित किया गया है। बीसीसीआई सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस केंद्र :- शिफॉन खान, अहमदाबाद, गौरव सैनी, देहरादून, रोहन चौधरी, अनंतपुर, शोभाग सिंह भाटी, जयपुर। आगामी 11 मई से दिनांक 6 जून तक आयोजित होने वाले अंडर 16 हाई परफॉरमेंस कैम्प में भाग लेंगे।

चंबल स्पोर्ट्स ने जयपुर क्रिकेट एकेडमी को हराया

जयपुर, 2अप्रैल। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित तथा एल वी फार्मा द्वारा प्रायोजित महिला ए डिवीजन लीग में आज खेले गए मैचों में चम्बल स्पोर्ट्स ने जयपुर क्रिकेट एकेडमी 4 विकेट से हराया।

के एल सैनी स्टेडियम पर खेले मैच में जयपुर क्रिकेट एकेडमी ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए शिवानी चौधरी के 38 रन, संजना सोनी के 31 रन, सीमा जाट के 84 रन, वेदिका सिंह के 40 रन व पर्ल बामनावत के 11 रनो से 50 ओवर में 9 विकेट पर 235 रन बनाए।

चंबल स्पोर्ट्स के लिए दृष्टि शर्मा ने 43 पर 3, अंशी ने 30 पर 2, डिम्पल शेखावत व पारुल शर्मा ने एक - एक विकेट लिया।

जवाबी पारी में चंबल स्पोर्ट्स ने भाविनी के 37 रन, निशा गुर्जर के 14 रन, अर्शील के नाबाद 95 रन। व अर्चना योगी के नाबाद 47 रनो की पारियों से 47.1 ओवर में 6 विकेट पर 238 रन बनाकर मैच जीत लिया। जयपुर क्रिकेट एकेडमी के लिए सिद्धि शर्मा ने 41 पर 4, सीमा जाट ने 41 पर 2 विकेट लिए।

मोंटी जयसवाल की गेंदबाजी से नीरजा मोदी एकेडमी तथा जश्न रमाना के ऑलराउंड प्रदर्शन से शास्त्री एकेडमी से पूर्व क्वार्टर फाइनल में

जयपुर, 2 अप्रैल। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27 वीं नवीन नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत इन्स्पायर ग्राउन्ड पर खेले गये नीरजा मोदी क्रिकेट एकेडमी ने मोन्टी जयसवाल 15 रन पर 4 विकेट, निखिल कोहली 9 रन पर 2 विकेट तथा अर्श रावत 17 रन पर 2 विकेट की शानदार गेंदबाजी तथा चिराग शर्मा 69 रन नाबाद की बदोलत एलिट क्रिकेट अकेडमी को 7 विकिट के हसकर पूर्व क्वार्टर फाईल में प्रवेश किया।

नैना क्रिकेट ग्राउन्ड जगतपुरा में खखेले गये एक अन्य मुकाबले में जश्न रमाना 42 रन नाबाद व 19 रन पर 2 विकेट ऑल राउन्ड प्रदर्शन तथा अभिषेक वर्मा 15 रन पर 3 विकेट, अल्तमश शेख 17 रन पर 2 विकेट व राज शेखर सिंह 26 रन पर 2 विकेट की शानदार गेंदबाजी से शास्त्री क्रिकेट एकेडमी ने जयपुरिया विद्यालय को एक तरफा मुकाबले ने 9 विकेट से हराकर पूर्व क्वार्टर फाईनल में प्रवेश किया। इंस्पायर ग्राउन्ड पर एलिट क्रिकिट अकेडमी बल्लेबाजी करते हुए शुभम शर्मा 42 रन वरून 26 रन को छोडकर कोई भी बल्लेबाज निरजा मोदी अकेडमी के गेंदाबाजो मोन्टी जयसवाल 15 रन पर 4 विकिट, निखिल कोहली 9 रन पर 2 विकिट तथा अर्श रावत 17 रन पर 2 विकेट के समक्ष नहीं टीक सके और पूरी टीम 16.1 अवर में 99 रन पर सिमट गये। जवाबी पारी में चिराग शर्मा 69 रन नाबाद (40 गेंद, 3 चौके, 6 छक्के) अंशु डागर 18 रन नाबाद की बदोलत विजय लक्ष्य 102 रन 3 विकेट खोकर 12.5 अवर में हासिल कर 7 विकेट से आसान जीत दर्ज कर ली। एलिट अकेडमी की और से शुभम शर्मा 2 तथा सजज्न शर्मा 1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे।

नैना अकेडमी पर खेले गये एक अन्य मुकाबले में जयपुरिया अकेडमी की और से पहले बल्लेबाजी करते हुए हार्दिक कुक्कड 32 रन तथा हेमन्य भारदवाज 18 रन को छोडकर कोई भी बल्लेबाज अभिषेक वर्मा 15 रन पर 3 विकेट, अल्तमश शेख 17 रन पर 2 विकेट व राज शेखर सिंह 26 रन पर 2 विकेट जश्न रमाना 19 रन पर 2 विकेट की गेंदबाजी के समक्ष नहीं टीक सके और पूरी टीम 184 अवर में 104 रन पर सिमट गई। जवाबी पारी में शास्त्री क्रिकेट अकेडमी में जश्न रमाना 42 रन नाबाद (16 गेंद, 6 चौके, 2 छक्के) मोहम्मद अनिस 48 रन (18 गेंद, 5 बीके 4 छक्के) की मदद से विजय लक्ष्य 105 रन 1 विकेट खोकर 6.5 अवर में हासिल कर 9 विकेट से 1 तरफा जीत हासिल की। इस मैच में मेन ऑफ द मैच जश्न रमाना शास्त्री क्रिकेट अकेडमी रहे।

जोधपुर नगर निगम

क्रमांकः- SBM / 2025-26 / 8899 दिनांकः- 30.03.2026

:: अल्पकालीन ई-निविदा सूचना ::
(UB NO. DLB2526WSOB40890)

नगर निगम जोधपुर की ओर से विभिन्न सिविल कार्यो हेतु ऑनलाईन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित कार्यो की विस्तृत जानकारी, निविदा की शर्ते आदि http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in एवं https://lsg.Rajasthan.gov.in/mcjs पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर निगम जोधपुर

राज.संवाद / सी / 26 / 170

राजस्थान सरकार
कार्यालय नगर पालिका, सादड़ी (जिला-पाली) राज.
पताः मैन बस स्टेण्ड, सादड़ी (आपकी सेवा में सदैव तत्पर)
Ph.-02934-285022 email: npsadri1979@yahoo.com, gmail.com

क्रमांक : न.पा.सा. / 2026 / 5788-5790 दिनांक 30.03.2026

-:: Notice Inviting Bid ::-

Bid for subject matters of procurement are invited from intreseted bidders upto (date)& (time). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal. (https://sppp.rajasthan.gov.in, eproc.rajasthan.gov.in) of the state departmental website.

UBN NO :- DLB2627WSOB00083 UBN NO :- DLB2627WSOB00084

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका सादड़ी

राज.संवाद / सी / 26 / 235

अजमेर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, अजमेर
पटेल स्टेडियम, बी-ब्लॉक, अजमेर (राज.), ई-मेल: asclajmercity@gmail.com टेलीफोन: 0145-2971922

क्रमांक :- ASCL-AJMER/2026-27/01 दिनांक :- 01/04/2026

खुली बोली आमंत्रण सूचना 106/2026-27

कार्यालय में 01 वर्ष के लिए संविदा के आधार पर छः कम्प्यूटर मय प्रशिक्षित कार्मिक / कम्प्युटर ऑपरेटर की सेवा उपलब्ध करवाने हेतु पंजीकृत बोली दाता/ संवेदक से खुली बोली दिनांक 15.04.2026 को अपरान्हः 1.00 बजे तक आंमत्रित की जाती है। विस्तृत बोली आमंत्रण सूचना एवं खुली बोली दस्तावेज वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN : ASM2627SSOB00001

अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता
अजमेर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

राज.संवाद/सी/26/206

कार्यालय नगर पालिका मण्डल बसेडी, जिला-धौलपुर (राज.)

क्रमांकः-न.प.ब. / निर्माण / 2025-26 / 3831 दिनांकः- 30.03.2026

ई-निविदा सूचना संख्या 30/2025-26 आमंत्रण सूचना

नगर पालिका बसेडी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु उपर्युक्त श्रेणी के पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। वेबसाईट पर तकनिकी बिड दिनांक 09.04.2026 एवं वित्तीय बिड सारणी में दर्शायी गई दिनांक एवं समय को इस कार्यालय में खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन को अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्य दिवस को उसी समय पर निविदा खोली जावेगी। निविदा के संबंध में अधिक जानकारी हेतु http://sppp.rajasthan.gov.in & http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

Sr.No.	UBN no.	Tender Id	Estimated Cost (in Lacs)
1	DLB2526WSOB40796	2026_DLB_549293_1	14.90

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका बसेडी

राज.संवाद / सी / 26 / 225

कार्यालय नगर पालिका मण्डल बसेडी, जिला-धौलपुर (राज.)

क्रमांकः-न.प.ब. / निर्माण / 2025-26 / 3798 दिनांकः- 30.03.2026

ई-निविदा सूचना संख्या 19/2025-26 आमंत्रण सूचना

नगर पालिका बसेडी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु उपर्युक्त श्रेणी के पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। वेबसाईट पर तकनिकी बिड दिनांक 08.04.2026 एवं वित्तीय बिड सारणी में दर्शायी गई दिनांक एवं समय को इस कार्यालय में खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन को अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्य दिवस को उसी समय पर निविदा खोली जावेगी। निविदा के संबंध में अधिक जानकारी हेतु http://sppp.rajasthan.gov.in & http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

Sr.No.	UBN no.	Tender Id	Estimated Cost (in Lacs)
1	DLB2526WSOB40768	2026_DLB_549010_1	14.88

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका बसेडी

राज.संवाद / सी / 26 / 148

कार्यालय नगर पालिका मण्डल बसेडी, जिला-धौलपुर (राज.)

क्रमांकः-न.प.ब. / निर्माण / 2025-26 / 3790 दिनांकः- 30.03.2026

ई-निविदा सूचना संख्या 18/2025-26 आमंत्रण सूचना

नगर पालिका बसेडी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु उपर्युक्त श्रेणी के पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। वेबसाईट पर तकनिकी बिड दिनांक 08.04.2026 एवं वित्तीय बिड सारणी में दर्शायी गई दिनांक एवं समय को इस कार्यालय में खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन को अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्य दिवस को उसी समय पर निविदा खोली जावेगी। निविदा के संबंध में अधिक जानकारी हेतु http://sppp.rajasthan.gov.in & http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

Sr.No.	UBN no.	Tender Id	Estimated Cost (in Lacs)
1	DLB2526WSOB40766	2026_DLB_549010_1	14.86

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका बसेडी

राज.संवाद / सी / 26 / 145

कार्यालय नगर पालिका मण्डल बसेडी, जिला-धौलपुर (राज.)

क्रमांकः-न.प.ब. / निर्माण / 2025-26 / 3806 दिनांकः- 30.03.2026

ई-निविदा सूचना संख्या 23/2025-26 आमंत्रण सूचना

नगर पालिका बसेडी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु उपर्युक्त श्रेणी के पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। वेबसाईट पर तकनिकी बिड दिनांक 09.04.2026 एवं वित्तीय बिड सारणी में दर्शायी गई दिनांक एवं समय को इस कार्यालय में खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन को अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्य दिवस को उसी समय पर निविदा खोली जावेगी। निविदा के संबंध में अधिक जानकारी हेतु http://sppp.rajasthan.gov.in & http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

Sr.No.	UBN no.	Tender Id	Estimated Cost (in Lacs)
1	DLB2526WSOB40778	2026_DLB_549129_1	25.45

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका बसेडी

राज.संवाद / सी / 26 / 149

कार्यालय नगर पालिका मण्डल बसेडी, जिला-धौलपुर (राज.)

क्रमांकः-न.प.ब. / निर्माण / 2025-26 / 3794 दिनांकः- 30.03.2026

ई-निविदा सूचना संख्या 17/2025-26 आमंत्रण सूचना

नगर पालिका बसेडी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु उपर्युक्त श्रेणी के पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। वेबसाईट पर तकनिकी बिड दिनांक 08.04.2026 एवं वित्तीय बिड सारणी में दर्शायी गई दिनांक एवं समय को इस कार्यालय में खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन को अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्य दिवस को उसी समय पर निविदा खोली जावेगी। निविदा के संबंध में अधिक जानकारी हेतु http://sppp.rajasthan.gov.in & http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

Sr.No.	UBN no.	Tender Id	Estimated Cost (in Lacs)
1	DLB2526WSOB40765	2026_DLB_548999_1	21.81

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका बसेडी

राज.संवाद / सी / 26 / 146

कार्यालय नगर पालिका मण्डल बसेडी, जिला-धौलपुर (राज.)

क्रमांकः-न.प.ब. / निर्माण / 2025-26 / 3814 दिनांकः- 30.03.2026

ई-निविदा सूचना संख्या 27/2025-26 आमंत्रण सूचना

नगर पालिका बसेडी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु उपर्युक्त श्रेणी के पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। वेबसाईट पर तकनिकी बिड दिनांक 09.04.2026 एवं वित्तीय बिड सारणी में दर्शायी गई दिनांक एवं समय को इस कार्यालय में खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन को अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्य दिवस को उसी समय पर निविदा खोली जावेगी। निविदा के संबंध में अधिक जानकारी हेतु http://sppp.rajasthan.gov.in & http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

Sr.No.	UBN no.	Tender Id	Estimated Cost (in Lacs)
1	DLB2526WSOB40792	2026_DLB_549196_1	24.86

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका बसेडी

राज.संवाद / सी / 26 / 150

कार्यालय नगर पालिका मण्डल बसेडी, जिला-धौलपुर (राज.)

क्रमांकः-न.प.ब. / निर्माण / 2025-26 / 3786 दिनांकः- 30.03.2026

ई-निविदा सूचना संख्या 20/2025-26 आमंत्रण सूचना

नगर पालिका बसेडी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु उपर्युक्त श्रेणी के पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। वेबसाईट पर तकनिकी बिड दिनांक 08.04.2026 एवं